http://www.sgbauonline.com/

**AV–506**

**B.A. (Part—II) Examination**

**(Optional Subject)**

**HINDI LITERATURE**

**(Literature of Modern Languages)**

समय : तीन घंटे] [पूर्णांक : 100

1. (अ) निम्नलिखित पद्यांश की संदर्भ-सहित व्याख्या कीजिए :— 20

"यों बुन जाता है जाल सन्नाटे का
और मुझ में कुछ है कि उससे घिर जाता हूँ।
सच मानिए, मैं नहीं है वह
क्योंकि मैं जब पहचानता हूँ तब
अपने को उस जाल से बाहर पाता हूँ।
फिर कुछ बँधता है जो मैं न हूँ पर मेरा है,
वहि कल्पक है।
जिसका कहा भीतर कहीं सुनता हूँ :
'तो तू क्या कवि है ? क्यों और शब्द जोड़ना चाहता है ?
कविता तो यह रखी है।'
हाँ तो। वही मेरी सखी है, मेरी सगी है !
जिसके लिए फिर
दूसरा सन्नाटा बुनता हूँ।''

**अथवा**

और असल बात तो यह है
कि वह चाहे जो है
जैसा है, जहाँ कहीं है
आजकल
कोई आदमी जूते की नाप से
बाहर नहीं है
फिर भी मुझे ख्याल रहता है।
कि पेशेवर हाथों और फटे जूतों के बीच
कहीं न कहीं एक अदद आदमी है
सिर पर टाँके पड़ते हैं
जो जूते से झाँकती हुई अँगुली की चोट छाती पर
हथौड़े की तरह सहता है।



http://www.sgbauonline.com/

http://www.sgbauonline.com/

(आ) "आई याद बिछुड़न से मिलन की वह मधुर बात,
आई याद चांदनी की धुली हुई आधी रात,
आई याद कान्ता की कम्पित कमनीय गीत,
फिर क्या ? पवन
उपवन-सरद-सरित गहन-गिरी-कानन
कुंज-लता-पुंजों को पार कर
पहुँचा जहाँ उसने की केलि
कली-खिली-साथ !

अथवा

जीवन में वह था एक कुसुम
थे उस पर पर नित्य निछावर तुम,
वह सुख गया तो सुख गया,
मधुवन की छाती को देखो,
सूखी कितनी इसकी कलियाँ,
मुर्झाई कितनी वतलरियाँ,
जो मुर्झाई फिर कहाँ खिली
पर बोलो सूखे फूलों पर,
कब मधुवन शोर मचाता है
जो बीत गई सो बात गई !

2. प्रस्तुत गद्यांश की संदर्भ-सहित व्याख्या कीजिए :— 10

"कुंती और सूर्यदेव ! लोग समझते हैं कुंती ने ऋषि का वरदान जाँचने के लिए सूर्य भगवान का आह्वान किया ! ............ जी नहीं ! क्षितिज पर सवेरे की अरुणिमा की भाँति, तेजस्वी सूर्यदेव का मादक स्वरूप, कुंती के मानस-गगन के छोर पर खिंच गया। और फिर ? — जैसे पूर्व दिशा की लालिमा, मध्याह्न का जगमगाता और प्रचंड ताप बन जाती है, ठीक वैसे ही, दोनों का अनुराग, एक उत्सप्त और विश्व-व्यापी विलास बन गया। कोणार्क की युगल मूर्तियों में वही विलास बिखरा पड़ा है, उद्दाम यौवन का वेग, उत्तान शृंगार का उल्लास !

अथवा

आज शिल्पि पर अत्याचार का प्रहार हो रहा है। कला पर मदान्धता टूट पड़ी है। सौंदर्य को सत्ता पैरों के तले रौंद रही है। और कोणार्क — आपका सुनहरा सपना, जिस घोंसले में आपके अरमानों का पंछी बसेरा लेने जा रहा था — वही कोणार्क एक पामर, पापी, अत्याचारी के हाथ का खिलौना बन जायेगा। आतंक के हाथों में जकड़ी हुई कला सिसकेगी। वही कारीगर की सबसे बड़ी हार होगी, सबसे भारी हार।



http://www.sgbauonline.com/

http://www.sgbauonline.com/

3. जयशंकर प्रसाद की काव्यगत विशेषताएं विशद कीजिए। 10

**अथवा**

मैथलीशरणगुप्त की राष्ट्रभक्ति को कविता के आधार पर अभिव्यक्त कीजिए।

4. 'कोणार्क' नाटक का खलनायक चालुक्य की चरित्रगत विशेषताओं को निरुपित कीजिए। 10

**अथवा**

'कोणार्क' में इतिहास का पुनरावलोकन किया गया है सिद्ध कीजिए।

5. निम्नलिखित लघूत्तरी प्रश्नों में से किन्हीं **चार** प्रश्नों के उत्तर लिखिये :— 20

(क) 'स्ट्राईक' कहानी का प्रतिपाद्य विशद कीजिए।

(ख) 'प्रतिशोध' कहानी के मर्म को अधोरेखित कीजिए।

(ग) भारवी की चरित्रगत विशेषताएं लिखिए।

(घ) 'पर्दे के पीछे' कहानी में निहित व्यंग्य को स्पष्ट कीजिए।

(ङ) उमा के रूप में नारी मुक्ति का स्वर गूँजा है कहानी के आधार पर समझाइए।

(च) "और वह जा न सकी" कहानी में घर-घर की पीड़ा को दर्शाया है स्पष्ट कीजिए।

(छ) गोपाल प्रसाद के चरित्र को स्पष्ट कीजिए।

6. संत-काव्य की प्रवृत्तियाँ लिखिये। 10

**अथवा**

रीतिकाल को शृंगारकाल क्यों कहा गया है ? विशद कीजिए।

7. वस्तुनिष्ठ प्रश्न :— 20

(क) काव्य कलश से :

(1) सखि पतंग भी जलता है हा ! ______ भी जलता है।

(2) जयशंकर प्रसाद ______ के कवि हैं। (प्रगतिवाद, प्रयोगवाद, छायावाद)

(3) 'जुही की कली' किसकी रचना है ? (प्रसाद, अज्ञेय, निराला)

(4) अज्ञेय का पूरा नाम ______ था।
(सच्चिदानंद हिरानंद वात्स्यायन, सूर्यकांत त्रिपाठी, सुदामा पाण्डे)

(5) 'मोचिराम' धूमिल की रचना है। (सत्य/असत्य)

(ख) कोर्णाक से :

(1) विशु की प्रेमिका का नाम ______ था। (सरिता, सारिका, सविता)

(2) उत्कलप्रदेश के राजा ______ थे।

(3) धर्मपद नर्त्तक था। (सत्य/असत्य)

(4) जीवन के आदि और उत्कर्ष के बीच एक और सीढ़ी है। (किसका कथन है)

(5) सारिका ______ कन्या थी। (शबर, शहरी, ग्रामीण)



http://www.sgbauonline.com/

http://www.sgbauonline.com/

(ग) कलापूर्ण एकांकी से :

(1) एकांकी के किसी भी दो तत्वों को बताइए।

(2) भुवनेश्वर ने 'स्ट्राईक' लिखी है ? (सत्य/असत्य)

(3) श्रीधर किस एकांकी का पात्र है।

(4) उमा रीढ़ की हड्डी की पात्र है। (सत्य/असत्य)

(5) अपनों से प्रेम का प्रदर्शन नहीं किया जाता। (कथन किसका है)

(घ) हिन्दी साहित्य के इतिहास से :

(1) "बीजक के रचनाकार _______ हैं। (कबीर, रहीम, बिहारी)

(2) चंद बरदाई किस काल के कवि हैं ? (भक्तिकाल, आदिकाल, रीतिकाल)

(3) भक्तिकाल की किसी एक शाखा का नाम बताइए।

(4) सतसई में दोहों की संख्या _______ है। (713, 712, 700)

(5) रहीम का पूरा नाम बतलाइए।



http://www.sgbauonline.com/